# अमानक धान से की जा रही थी पोर्टल की पूर्ति

## धान खरीदी के अन्तिम पडाव मे प्रशासन का बडा एक्शन, केन्द्र मे धान आने के पूर्व ही खरीदी दर्ज का मामला

**सिवनी नवभारत।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अपने अन्तिम पडाव पर है तथा धान खरीदी का पोर्टल 20 जनवरी को ही बन्द हो चुका है किन्तु अन्तिम पडाव मे धान खरीदी केन्द्र से नये नये मामले सामने आ रहे है खडी बोरी मे पानी सिचाई का मामला अभी ठंडा भी नही हुआ था की एक और मामला बरघाट विकास खंड के खरीदी केन्द्र आष्टा का सामने आया जहा धान खरीदी पोर्टल बन्द होने के बाद भी केन्द्र मे बाहर से अमानक धान बुलवाकर गिराई जा रही थी जबकि शासन के दिशा निर्देश और नियम के तहत 20 जनवरी को ही धान खरीदी का पोर्टल बन्द हो चुका है ऐसी स्थिति मे भी समर्थन मूल्य पर घटिया अमानक धान बुलवाकर वेयर हाउस मे भेजने की तैयारी थी जिसे प्रशासन ने मौके पर पहूचकर तथा कार्यवाई करते हुऐ अमानक धान की जप्ती की कार्यवाई करते हुऐ पंचनामा तैयार किया है।



### पहले ही पोर्टल पर दर्ज हो चुकी है धान

उल्लेखनीय है शासन के नियमानुसार धान खरीदी पोर्टल बन्द होने के बाद भी अगर अमानक धान केन्द्रो मे गिराई जा रही है तो उसका मुख्य कारण कुचिया बिचौलिओ की धान खरीदी पोर्टल पर पहले ही दर्ज हो चुकी है जिसकी भरपाई अब पोर्टल बंद होने के बाद अमानक तथा घटिया धान केन्द्र मे बुलवाकर की जा रही जिससे इन्कार नही किया जा सकता और यही अमानक धान को मानक बनाने के लिये गोदामो मे लगे सर्वेयरो पर भी राजनैतिक दबाव बनाने के मामले इसके पूर्व भी सामने आ चुके है और खासकर नये नये कारनामे मे सबसे आगे नाम महिला स्व सहायता समूह के सामने आ रहे है जिनके द्वारा राजनैतिक पकड तथा दबाव के चलते खरीदी केन्द्र तो हथिया लिये किन्तु धान खरीदी मे भी नये नये कारनामे करने से बाज नही आ रहे है।

### इनकी रही जांच मे उपस्थिति

यहा यह बताना भी लाजिमी है पोर्टल बन्द होने के अमानक धान केन्द्र मे पहूचने के मामले मे मौके पर नायब तहसीलदार पुलिस प्रशासन नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक सहित प्रशासनिक अमले मे ने अमानक धान की जांच कर प्रति वेदन तैयार किया है किन्तु जनमानस सिर्फ यही कहने को तैयार है की जांच और कारवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है क्योकि आज तक अनेको गम्भीर मामले सामने आने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नही।

### क्यो नही की जा रही ठोस कार्रवाई

यहा यह भी उल्लेखनीय है की धान खरीदी मै अनियमितताओ से सम्बंधित मामले मे प्रशासनिक अधिकारी कारवाई के नाम पर जरूर केन्द्रो मे पहूचकर पंचनामा तैयार कर रहे है किन्तु जहा तक बात करे ठोस कार्रवाई की तो यह कार्यवाई बन्द लिफाफे मे कैद होकर रह गई है यही कारण है की अमानक धान से सम्बंधित दर्जनो मामले सामने आने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नही आई है जबकि सर्वेयर टीम के द्वारा धान रिजेक्शन के मामले भी सामने आये है किन्तु प्रशासन द्वारा धान की गुणवत्ता के लिये रखे गये सर्वेयरो को ही खासकर महिला स्व सहायता समूहो के द्वारा राजनैतिक रूप से परेशान करने का प्रयास किया गया गया जो अब धान खरीदी के अन्तिम पडाव मे सामने आ चुका है




# पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों का विरोध

**तीन दिन का सामूहिक अवकाश, अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल**

**कुरई नवभारत।** जनपद पंचायत कुरई में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों ने प्रशासकीय प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अर्जुन ठाकुर एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय डहेरिया की कार्यशैली से आहत होकर तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन दिवस में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे 27 जनवरी से शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर जाएंगे। सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा जिला पंचायत सिवनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 22 जनवरी को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी सीईओ द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र एवं अपमानजनक व्यवहार किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में भी गाली-गलौच, असहनीय शब्दों का प्रयोग तथा मानसिक प्रताड़ना की जाती रही है। कार्यालयीन समय के बाद भी रात्रि में फोन कर कार्य के लिए दबाव बनाया जाता है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाए गए हैं कि प्रभारी सीईओ द्वारा निजी खर्चों जैसे चाय-नाश्ता, भोजन, वाहन व्यवस्था, ईंधन, यात्रा टिकट एवं विश्राम गृह में एसी लगवाने जैसे कार्यों के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाया गया। मांगें पूरी न होने पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत चिखली के सचिव श्री विवेक सशानकर को पीएम आवास योजना 2.0 के सत्यापन के लिए आचार संहिता के दौरान दबाव में कार्य कराया गया, जिससे दुर्घटना में उनके पैर और हाथ में गंभीर चोट आई है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संजय डहेरिया पर भी अमर्यादित भाषा, मानसिक उत्पीड़न एवं दिन-रात फोन कर दबाव बनाने के आरोप लगाए गए हैं। कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि किसी प्रकार की दमनात्मक कार्रवाई की गई, तो जिला स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## एक नजर में

### अधिक संख्या में करे रक्तदान

**छिंदवाड़ा.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस मैदान छिन्दवाड़ा एवं जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया गया है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक छिंदवाड़ा ने जिले के सभी आमजन एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है।

### सांसद ने 6 मरीजों को दिलाई 2 लाख 15 हजार की मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने 6 जरूरतमंद मरीजों को 2 लाख 15 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी गई है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से छिन्दवाड़ा के ग्राम आमाझिरी निवासी पतिराम पिता केशव मण्डरे को 40 हजार, खुट पिपरिया निवासी आशा पिता अंकित डेहरिया को 35 हजार, छिन्दवाड़ा के वार्ड नं 05 निवासी सीताराम पिता भवानी प्रसाद श्रीवास को 35 हजार, हर्रई के ग्राम सुरलाखापा निवासी कुहू पिता शुभम राय को 20 हजार, ग्राम सिवनी निवासी अभिलेख कुमार साहू को 45 हजार तथा छिन्दवाड़ा के तुमड़ागड़ी निवासी रीमा पिता सपुत कामडेकर को 40 हजार की राशि दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों और उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुये बीमारी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर गंभीर बीमारियां से पीड़ित मरीजों का प्राइवेट अस्पतालों में इलाज हो सकेगा।

### महिला कांग्रेस सेवादल ने श्रमदान कर मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**छिन्दवाड़ा.** कांग्रेस सेवादल द्वारा सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से निरंतर चलाए जा रहे श्रमदान अभियान के अंतर्गत मध्य क्षेत्र स्थित पातालेश्वर मंदिर व परिसर में श्रमदान कर व्यापक साफ-सफाई की। श्रमदान कार्यक्रम के उपरांत महिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अंबेडकर भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे और समाज में बालिकाओं के सम्मान व समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने हेतु हनुमान चालीसा का भजन-कीर्तन भी किया गया, जिसमें सुरेश भावे (पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष) द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सुरेश कपाले, दीपक बाजपेई, राकेश मरकाम, डॉ. शबाना यास्मीन खान, इंजी. आशीष पाल, विक्रम बंदेवार, शाकिर मंसूरी, गजानंद खेडेकर, बलराम सिंह चौहान, रवि खिलवाड़ी, कादिर मंसूरी, वीणा जैन, सिंधु यादव, नदीम खान, सुरेश भावे, पप्पू पाल, देशराज बारस्कर, संजय खडककर, गोविंद वाड़ीमल, रमेश बेले, संजय विश्वकर्मा, सुनील सारंगपुर, विक्की डेहरिया एवं श्रीकांत गायकवाड सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवा दल एवं महिला सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे 44 पर भीषण सड़क हादसा, वनरक्षक घायल

**छपारा क्षेत्र की घटना- धूमा से सिवनी जा रहे सतीश यादव को ट्रक ने रौंदा, जिला अस्पताल रेफर**




**सिवनी नवभारत।** जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर आज शाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार वनरक्षक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, वनरक्षक सतीश यादव (उम्र 55 वर्ष) आज शाम करीब 4:00 बजे अपनी बाइक से धूमा से सिवनी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे के छपारा कला गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वनरक्षक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिवनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार ट्रक की तलाश जारी है।

## पाखी यादव को ओलंपियाड में मिला गोल्ड मेडल



**सिवनी नवभारत।** निजी स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा पाखी यादव को हाल ही में आयोजित ओलंपियाड में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। पाखी के इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता और स्कूल प्रशासन ने खुशी जताई। पाखी यादव, पिता विनोद यादव, ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। स्कूल के प्राचार्य ने छात्रा की सफलता को प्रेरणादायक बताया और उसकी पढ़ाई और प्रतिभा की सराहना की।

## बरघाट में निकली तिरंगा यात्रा



**बरघाट नवभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल जिला सिवनी ( इकाई बरघाट )द्वारा 22 जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए देशभक्ति नारे लगाते हुए एवं डीजे धुन में देशभक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। मंच पर स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरघाट खंड के खंड कार्यवाह मगन जी ठाकुर एवं सिवनी विभाग के विभाग संगठन मंत्री गौरव शुक्ला, बरघाट भाग के भाग संयोजक यश पवार, बरघाट नगर के नगर मंत्री दीपक पटले उपस्थित रहे। उपस्थित जनों को मगन ठाकुर एवं गौरव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आभार प्रदर्शन नगर मंत्री दीपक पटले के द्वारा किया गया।

# राममय हुआ केवलारी, भव्य श्री राम महायज्ञ का दिव्य शुभारंभ



**केवलारी नवभारत।** नगर के पावन धाम श्री राम-केवट मंदिर में आयोजित श्री राम महायज्ञ, श्री रामकथा ज्ञानामृत एवं द्वादश ज्योर्तिलिंग रुद्राभिषेक का भव्य शुभारंभ होते ही केवलारी पूरी तरह राममय हो गया। 24 जनवरी 2016 से 02 फरवरी तक चलने वाले इस दिव्य आयोजन के पहले ही दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। आयोजन के प्रथम दिवस निकली भव्य कलशयात्रा सबसे बड़ी आकर्षण रही। सिर पर कलश धारण किए श्रद्धालु महिलाएँ, डीजे पर बजते भक्तिमय गीत, और जय श्री राम के जयघोष से गूंजते नगर मार्ग—हर दृश्य आस्था की जीवंत तस्वीर पेश करता नजर आया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली कलशयात्रा का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, आरती एवं स्वागत द्वारों से भव्य स्वागत किया। कलशयात्रा के पश्चात विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पंचांग पूजन, मंगल प्रवेश की विधि संपन्न कराई गई, जिसके साथ ही श्री रामकथा ज्ञानामृत का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संपूर्ण वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। प्रतिदिन श्री रामकथा 02 बजे से 05 बजे तक किया जा रहा है। साथ ही यज्ञ पूजन विधान, हवन एवं अभिषेक प्रातः 09 बजे से यज्ञाचार्य कथावाचक पूज्य श्री संदेश जी महाराज, यज्ञाचार्य श्री प्रदीप कृष्ण जी शास्त्री, कथावक्ता श्री सचिन तिवारी जी के पावन सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं-बहनों एवं क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

# जूडो चयन में भारी गड़बड़ी : कलेक्टर से की गई शिकायत, भ्रम फैलाने के आरोप

**सिवनी नवभारत।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत जूडो खेल की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और भ्रामक सूचनाओं का मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण में बॉक्सिंग सचिव सोहन लाल सेन की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जूडो ट्रायल 19 जनवरी 2026 को आयोजित होना था।लेकिन सिवनी जूडो जिला इकाई के पंजीकृत न होने के कारण खिलाड़ियों को मंडला जिले में चयन स्पर्धा में भाग लेना था। इसके लिए खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा एवं यशवंत सिंह राजपूत (क्रीड़ाधिकारी, केवलारी) को अधिकृत रूप से नियुक्त किया गया था। इसके बावजूद कलेक्टर और खेल विभाग के निर्देशों की अनदेखी करते हुए अधिकृत प्रशिक्षकों को हटाकर चयन प्रक्रिया बॉक्सिंग सचिव सोहन लाल सेन के माध्यम से कराई गई। सूत्रों के अनुसार यह चयन कुछ अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर 16 जनवरी ब्लॉक स्तरीय जूडो ट्रायल सिलेक्शन संपन्न कराया गया। आरोप है कि सोहन लाल सेन द्वारा जिला स्तरीय जूडो ट्रायल को राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता बताकर प्रचारित किया गया*, जिससे खिलाड़ी भ्रमित हो गए। जबकि वास्तविक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 30 जनवरी तक सागर में आयोजित होना प्रस्तावित है। जिला स्तरीय चयन को राज्य स्तरीय बताना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार चयन में शामिल कई खिलाड़ी जूडो से प्रशिक्षित न होकर बॉक्सिंग से जुड़े थे। जबकि एक खेल से एक खिलाड़ी ट्रायल सिलेक्शन में भाग ले सकता है। प्रतियोगिता जूडो के निर्धारित रिंग (टाटामी) पर आयोजित की गई, जहां खिलाड़ियों को जूते पहनकर उतरने की अनुमति दी गई, जो जूडो नियमों के विरुद्ध है। इस नियमविरोधी प्रक्रिया के चलते कई योग्य जूडो खिलाड़ी चयन से वंचित रह गए।

# सिद्ध हनुमान मंदिर में भक्ति भाव से मनाया गया चतुर्थ पाटोत्सव



**सिवनी नवभारत।** जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर मुंगवानी कलां स्थित सोसायटी परिसर के समीप सिद्ध हनुमान मंदिर में गुरुवार 22 जनवरी को चतुर्थ पाटोत्सव समारोह श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे दिन विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।पाटोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सिंघौड़ी निवासी विद्वान पुरोहित पंडित हरिप्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे से महाबली श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत अभिषेक, हवन-पूजन, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा, विशेष हवन एवं पूर्णाहुति सहित समस्त वैदिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंत्रोच्चार से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा के सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप के संचालक सुप्रसिद्ध भजन गायक आकाश नामदेव ने मां-बाप से बढ़कर जमाने में कोई चीज नहीं ग़ज़ल की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

**मनमानी** — आक्रोशित किसानों ने थाना प्रभारी को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, मनमानी पर उतारू एसडीओ पर किसानों से अभद्रता के आरोप

# एसडीओ की हठधर्मी से किसानों को नहीं मिल रहा पानी

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** जल संसाधन विभाग के एसडीओ की मनमानी और हठधर्मी ने कान्हीवाड़ा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। भीमगढ़ दांयी तट नहर उपसंभाग कान्हीवाड़ा के स्थ्ह उदयभान मर्सकोले द्वारा सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण 40 साल पुरानी संरचना को ध्वस्त किए जाने के बाद किसान आक्रोशित हैं। 05 गांवों के अन्नदाताओं ने कान्हीवाडा थाना प्रभारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।




### दशकों पुरानी व्यवस्था जेसीबी से ढहाई

मामला चुटका सी माइनर (चैन क्रमांक 137) से जुड़ा है। किसानों का कहना है कि मुख्य नहर से माइनर में पानी चढ़ाने के लिए विभाग ने लगभग 4 दशक पहले यहाँ एक अड़ाव संरचना (रिपटा) बनाया था। इसी व्यवस्था से चुटका, टिकारी, नद्दीटोला, जंगलटोला और जावना के सैकड़ों किसानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि सिंचित होती है। आरोप है कि नवंबर माह में नवागत एसडीओ ने जेसीबी लगवाकर इस संरचना को तुड़वा दिया। उस समय किसानों ने काफी विरोध किया था लेकिन किसानों के विरोध और समझाइश के बाद भी एसडीओ ने जेसीबी चलवा दी थी। पुलिस की मौजूदगी में अधिकारी ने वादा कहा था कि भविष्य में पानी न चढ़ने पर किसान स्वयं अड़ाव लगा सकेंगे, लेकिन अब वे अपने वादे से मुकर रहे हैं।

### किसानों से अभद्रता और धमकी देने का आरोप

किसानों ने थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा को सौंपे ज्ञापन में स्थ्ह पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि पानी की मांग करने पर एसडीओ मर्सकोले ने उन्हें झूठे केस में फंसाने और पिसवा देने की धमकी दे रहे हैऔ। किसानों का कहना है कि जब वे अपनी पीड़ा सुनाने के लिए अधिकारी को फोन करते हैं, तो वे अभद्रता करते हुए कहते हैं कि उनके पास किसानों के लिए समय नहीं है।

### समय पर पानी नहीं मिला तो सूख जाएगी फसल

नहर में पर्याप्त पानी होने के बावजूद अड़ाव न होने के कारण माइनर में पानी नहीं चढ़ रहा है। खेतों तक पानी न पहुँचने से फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि सिंचाई व्यवस्था तुरंत बहाल नहीं की गई और अभद्र अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# सर्व सेन समाज की बैठक आयोजित, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**31 जनवरी को होगी सर्व सेन समाज कि जिला स्तरीय बैठक**



**सिवनी नवभारत।** सर्व वर्गीय सेन (नाई) समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सिवनी सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में सेन, सराठे, श्रीवास, बंदेवार सहित समाज की विभिन्न उपजातियों को एक मंच पर लाकर सर्ववर्गीय सेन समाज के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के समाजजनों को संगठित कर शिक्षा, सामाजिक एकता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस पहल करना रहा। उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर समाज की भावी रणनीति, युवाओं की शिक्षा, सामाजिक सहभागिता और संगठनात्मक मजबूती पर अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी शनिवार 31 जनवरी को जनपद पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से अगली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिलेभर से समाजजनों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में सर्व सेन समाज से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय समाजजन शामिल हुए और सभी ने सर्ववर्गीय सेन समाज को संगठित व सशक्त बनाने का संकल्प लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही, जिससे समाज में एकता और जासगरूकता का सकारात्मक संदेश दिया.